**उत्तर प्रदेश सरकार**
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001**

# सूचना / विज्ञप्ति

**पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत कम्प्यूटर टंकण परीक्षा की प्रक्रिया**

**संख्याः पीआरपीबी–बी(लिपिक संवर्ग)–21 / 2025,** **दिनांकः जनवरी, 23 2026**

उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–चार–1–3–(लि0सं0) / 2023, दिनांक 28.12.2023 को प्रख्यापित की गयी है। यह भर्ती उ0प्र0 पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथासंशोधित) के अधीन सम्पन्न की जा रही है, जिसमें पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पद हेतु कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु निम्नवत् प्रावधान हैः–

1– पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय)

(i) कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टंकण (इनस्क्रिप्ट की–बोर्ड पर यूनिकोड में) तथा कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी टंकण।

(ii) न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी आशुलिपि श्रुतिलेख। (उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा अवधारित शुद्वता के आधार पर अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया जायेगा) आशुलिपि की परीक्षा टंकण परीक्षा के परिणाम के बाद करायी जायेगी। आशुलिपि परीक्षा की तिथि तथा निर्देश अलग से निर्गत किये जायेगें।

2– पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक)

कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टंकण (इनस्क्रिप्ट की–बोर्ड पर यूनिकोड में) तथा कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी टंकण।

3– पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा)

कम से कम 15 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टंकण (इनस्क्रिप्ट की–बोर्ड पर यूनिकोड में)।

उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत अंग्रेजी एवं हिन्दी टंकण परीक्षा निम्नानुसार कराया जायेगाः–

1– पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय)

| टंकण परीक्षा की भाषा | टंकण परीक्षा की गति | टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित समय | टंकण परीक्षा के लिये दिये गये कुल शब्द | शुद्धता का प्रतिशत | दो परीक्षाओं के मध्य अन्तराल |
|---|---|---|---|---|---|
| अंग्रेजी टंकण | 30 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 500 | 85 प्रतिशत | अंग्रेजी एवं हिन्दी टंकण परीक्षा के मध्य का अन्तराल 20 मिनट |
| हिन्दी टंकण | 25 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 400 | 85 प्रतिशत | |

2– पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक)

| टंकण परीक्षा की भाषा | टंकण परीक्षा की गति | टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित समय | टंकण परीक्षा के लिये दिये गये कुल शब्द | शुद्धता का प्रतिशत | दो परीक्षाओं के मध्य अन्तराल |
|---|---|---|---|---|---|
| अंग्रेजी टंकण | 30 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 500 | 85 प्रतिशत | अंग्रेजी एवं हिन्दी टंकण परीक्षा के मध्य का अन्तराल 20 मिनट |
| हिन्दी टंकण | 25 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 400 | 85 प्रतिशत | |

3– पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा)

| टंकण परीक्षा की भाषा | टंकण परीक्षा की गति | टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित समय | टंकण परीक्षा के लिये दिये गये कुल शब्द | शुद्धता का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| हिन्दी टंकण | 15 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 250 | 85 प्रतिशत |

4– उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत अंग्रेजी एवं हिन्दी टंकण परीक्षा के मूल्यांकन की प्रक्रिया एवं मानक निम्नानुसार निर्धारित किये गये हैं:–

## अशुद्धियों का चिन्हांकन तथा शुद्धता का निर्धारण

NATURE OF MISTAKES

**(A) Full Mistakes**: The following errors are treated as full mistakes: -

i. For every omission of a word/figure.

ii. For every substitution of a wrong word/figure, except transposition of words.

iii. For every addition of a word/figure not found in the passage.

iv. For every spelling error committed by way of repetition, or addition, or omission, or substitution of letter/letters, e.g. the word 'spelling' typed as seeplings; seplling; speling; seepling; spelling etc.

v. For repetition of word/figure, e.g. 'I shall shall be grateful......

vi. Incomplete words (half type words will be treated as mistake).

**(B) Half Mistake:** The following errors are treated as half mistakes: -

I <u>Spacing Errors:</u> Where no space is provided between two words, e.g. 'Ihope',or undesired space is provided between the words or letters of a word e.g. 'I have', 'I h ave' (space left between a word).

Ii <u>Wrong Capitalisation</u>: Wrong typing of a capital letter for small letter or vice-versa.
(This does not apply in respect of Hindi Typewriting scripts)

Iii <u>Punctuation Errors</u>: Where the punctuation marks is omitted or added or substituted by another.

Iv <u>Transposition Errors</u>: Where words are transposed, e.g. the words 'I hope' typed as 'hope I'

V <u>Paragraphic Errors</u>: Half Mistake shall be treated for each irrational para, where the space given before starting of any paragraph is not uniform, i.e paragraph given manual spaces; without pressing the **Tab Key,** will be treated half-mistake.

**(C) टंकण गति एवं त्रुटि का आंकलन करके शुद्धता का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगाः–**

$$\text{शुद्धता} = \frac{\text{अभ्यर्थी द्वारा टंकित शुद्ध शब्दों की संख्या X 100}}{\text{दिए गए गद्यांश के कुल शब्दों की संख्या}}$$

$$\text{(D) टंकण गति} = \frac{\text{अभ्यर्थियों द्वारा टंकित कुल शब्द}}{\text{अभ्यर्थियों द्वारा प्रयुक्त समय}}$$

5– कम्प्यूटर पर टंकण के लिये परीक्षा केन्द्र/स्थान पर प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा कम्प्यूटर प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थियों को स्वयं का की–बोर्ड लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा का आयोजन बोर्ड द्वारा निर्धारित केन्द्रों में कराया जायेगा। कम्प्यूटर टंकण परीक्षा फरवरी (2026) माह के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जायेगी।

6– यह सूचना सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित की जा रही है। अतः जो सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही हैं, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

23/12/25

**(डी0 प्रदीप कुमार)**
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।